

## सकराली में युवाओं ने ग्रहण की जयस सदस्यता



**पानसेमल।** क्षेत्र के ग्राम सकराली में सदस्यता अभियान के तहत युवाओं को सदस्यता दिलाई। जयस संस्थापक विक्रम अछालिया ने बताया कि सकराली के युवा एवं ग्रामीण जयस की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका में सहभागिता करते हैं और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाते हैं। जयस युवाओं द्वारा सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, समाज को जागरूक करने के प्रयासों से प्रभावित होकर सकराली के युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया। इस दौरान जिला प्रभारी निलेश चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता महेश चौहान व पदाधिकारियों के नेतृत्व में युवाओं ने जयस की सदस्यता ग्रहण की। जयस संस्थापक विक्रम अछालिया एवं पदाधिकारियों ने ग्रामीणों व युवाओं के साथ सामाजिक, व्यावसायिक व अन्य विषयों पर चर्चा की। युवाओं को नशे से दूर रहने, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन व संगठित होकर समाजहित में कार्य करने का संदेश दिया। सकराली की जयस कार्यकारिणी में अध्यक्ष रमेश चौहान, उपाध्यक्ष रमेश बरड़े, सचिव बबलू रावत, कोषाध्यक्ष बिहारी सेनानी, ग्राम संयोजक सीताराम जाधव, सहायक सचिव शिवराम चौहान तथा सुरमल जुकते को महासचिव बनाया है। प्रेमसिंह चौहान, मांगीलाल सेनानी, संजय सेनानी, दिलीप चौधरी, हीरालाल डुडवे, शिवा मोरे, अनिल डावर, संजय, राहुल सेनानी, मोनू रावत, चमा अलावे, मोहन चौधरी, सुनील जुकते, दारासिंह जुकते, मंशाराम सोलंकी, अनिल ठाकरे, राजू भोसले व अन्य युवाओं ने जयस की सदस्यता ग्रहण की।

## उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल चयन परीक्षा का



## आयोजन

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा आयोजित उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूल चयन परीक्षा सत्र 2026-27 का आयोजन 8 फरवरी को पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा केंद्र पर 350 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया था, जिनमें से 312 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 38 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा का संचालन पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी वातावरण में किया गया। परीक्षा के दौरान केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। संस्था के प्राचार्य संतोष मिश्रा ने बताया कि परीक्षा का आयोजन शासन द्वारा जारी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सफलतापूर्वक किया गया। परीक्षा केंद्र पर नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अनुशासन, निगरानी एवं

# सीवरेज लाइन का चेंबर ओवरफ्लो, सड़कों पर बहता गंदा पानी

## रहवासियों के लिए बना मुसीबत, कृष्णा स्टेट, एकलव्य नगर सहित कई कॉलोनियों में बदबू से लोग परेशान, बीमारियों का खतरा





**बड़वानी, (नवभारत)।**

शहर के कई रिहायशी इलाकों में सीवेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मोहल्लों और प्रमुख कॉलोनियों में सीवरेज चेंबरों के लगातार ओवरफ्लो होने से गंदा और बदबूदार पानी सड़कों पर बह रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि राहगीरों और स्थानीय रहवासियों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। जगह-जगह जमा सीवेज के पानी से कीचड़ जैसी स्थिति बन गई है, वहीं दुर्गंध से लोगों का घरों में रहना भी दूभर हो रहा है।

शनिवार को शहर की कृष्णा स्टेट कॉलोनी, एकलव्य नगर, सुखविलास कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में सीवेज समस्या गंभीर रूप में सामने आई। रहवासियों का आरोप है कि सीवेज चेंबरों से लंबे समय से गंदा पानी रिस रहा है। इसकी शिकायत नगर पालिका, सीवेज निर्माण एजेंसी और जनप्रतिनिधियों से कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि वे नियमित रूप से टैक्स भरते हैं, फिर भी उन्हें बुनियादी सुविधाओं के अभाव में गंदगी और बदबू के बीच जीवन बिताने को मजबूर किया जा रहा है। कुछ क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां सीवेज का पानी पेयजल लाइनों के आसपास तक पहुंच गया है। इससे दूषित जल आपूर्ति का खतरा बढ़ गया है। रहवासियों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो संक्रामक बीमारियों का फैलाव हो सकता है।

### बदतर हो चुकी है स्थिति

कृष्णा स्टेट कॉलोनी की लक्ष्मी मुजाल्दा और भगवती सोलंकी ने बताया कि सीवेज चेंबर ओवरफ्लो होने से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ठेकेदार का अमला समस्या देखकर भी कोई स्थायी समाधान नहीं कर रहा। वहीं राधाबाई सोलंकी और देविका पंवार ने कहा कि कॉलोनी की हालत गांवों से भी बदतर हो चुकी है। पक्की सडक़ों का अभाव और सीवेज लीकेज से जलभराव आम हो गया है।

कोमल राठौर, सोनल बघेल, सुनीता सोलंकी और मोनिका बघेल ने बताया कि कॉलोनी में पक्की सड़कें नहीं होने से बारिश में कीचड़ और गर्मियों में धूल से परेशानी होती है। वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया।

**नियमित रूप से भरते हैं टैक्स**

- लोगों का कहना है वे नियमित रूप से भरते हैं टैक्स।
- बुनियादी सुविधाओं का है अभाव।

**वर्जन**

चेंबर लिकेजिंग की शिकायत मिलने पर सफाई और सुधार कार्य किया जा रहा है।

**रवि जाधव, कर्मचारी सीवेज निर्माण एजेंसी**

### कलेक्टर को करा चुके है अवगत

बारिश के मौसम में पूरे इलाके में सीवेज निर्माण कार्य चलाए, जिससे सड़कों पर कीचड़ फैला रहा। अब निर्माण पूरा होने के बाद चेंबर लिकेजिंग की समस्या सामने आ गई है। गंदा पानी सड़कों पर बहने से मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। रहवासियों ने दूषित पानी की बोतल लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर को भी अवगत कराया, लेकिन हालात जस के तस बने हैं।

**पूजा परमार, कृष्णा स्टेट कॉलोनी बड़वानी**

### रहवासियों की दिनचर्या प्रभावित

करीब 15 दिनों से सीवेज चेंबर ओवरफ्लो हो रहा है। गली में बहता गंदा पानी घरों तक दुर्गंध फैला रहा है। बच्चों के स्कूल जाने, खेलने और ऑफिस आने-जाने में कपड़ों व जूतों पर गंदे पानी के छींटे पड़ते हैं। वाहनों और घर के बाहर की सफाई बार-बार करनी पड़ रही है।

## हुई नियुक्तियां

**बड़वानी।** प्रदेश भाजपा संगठन ने बाबूलाल यादव को भाजपा जिला संगठन प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं पूर्व सासंद सुभाष पटेल को नीमच जिले का संगठन प्रभारी बनाया। जिलाध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव आगर मालवा के निवासी है व कई पद पर रह चुके हैं। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि शनिवार रात्रि में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में नियुक्त किए गए प्रभारियों की सूची जारी की थी।

# शिक्षकों ने की सराहनीय और मानवीय पहल की शुरूआत



**श्री राकेश कुमार अहिरवार**
प्राथमिक शाला बागपुरा, जिला दतिया (म.प्र.)
PMUMS पंजीयन क्रमांक: PMUMS20246261



**श्री दिलीप सिंह लोधी**
शा. प्रा. शाला मनका, जिला दमोह (म.प्र.)
PMUMS पंजीयन क्रमांक: PMUMS20241846

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली, 09 फरवरी.**

प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ (पीएमयूएमएस) मध्यप्रदेश द्वारा एक अत्यंत सराहनीय और मानवीय पहल की शुरुआत की गई है। संघ के प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अजनरिया एवं संस्थापक सतीश खरे के मार्गदर्शन में मप्र के दिवंगत शिक्षकों और कर्मचारियों के नामांकित परिजनों के बैंक खातों में सीधे सहयोग राशि दी जा रही है।

### पारदर्शिता के साथ मदद

संघ द्वारा अब तक दो प्रमुख सहयोग राशि प्रदान की जा चुकी है। प्रथम सहयोग के रूप में दमोह जिले के दिवंगत शिक्षक दिलीप लोधी के परिवार को 40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी गई। द्वितीय सहयोग के तहत दतिया के दिवंगत राकेश अहिरवार के परिवार को 38 लाख रूपए की सहायता राशि दी है। बड़वानी जिलाध्यक्ष रघुवीर सोलंकी ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पूर्णतः पारदर्शी है, जो केवल एक वित्तीय सहायता नहीं बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव है।

जिला आईटी प्रभारी सीतेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि सहयोग राशि का संकलन और वितरण आधुनिक ऑनलाइन माध्यमों से किया जा रहा है, ताकि सुगमता बनी रहे।

### जिले में कार्यकारिणी का विस्तार

इसी सेवा अभियान को गति देने के लिए बड़वानी जिले में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। जिलाध्यक्ष सोलंकी ने विभिन्न विकासखंडों में ब्लॉक अध्यक्ष और ब्लॉक आईटी प्रभारी की नियुक्तियां की है। निवाली में संजय गुप्ता अध्यक्ष एवं प्रतीक आर्य आईटी प्रभारी संकट की घड़ी में संबल नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संघ ने कहा कि यह नियुक्ति एक संवेदनशील सामाजिक उत्तरदायित्व है। सभी पदाधिकारियों का मुख्य उद्देश्य संगठन की मंशा के अनुरूप कार्य करना व संकट की घड़ी में आर्थिक मदद कर संबल प्रदान करना है।

**इन्होंने दी बधाई**

दीनदयाल मेवाडा, हारून खान, शीतल शर्मा, सुभाष भालसे, मंसाराम ब्रह्मणे, ओम प्रकाश राठौड़, जगदीश पाटिल, मदन तडवे, अनिल भालसे, राजेन्द्र पिपलोदे, नीतू चोंगड, भारती चंद्रात्रे, शोभा बरडे व शिक्षकों ने बधाई दी।

**एक नजर में**

### संगीत निशा : लता मंगेशकर-मोहम्मद रफी को दी श्रद्धांजलि



**महू.** आंबेडकर नगर भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर लता रफी फैंस क्लब के 21 सुर साधकों द्वारा लता मंगेशकर एवं मोहम्मद रफी के सुमधुर नगमों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन वरिष्ठ समाजसेवी किशोर शुक्ला, वीणा जोखेड़कर, पत्रकार दीक्षित, सुभाष अग्रवाल कमलकांत भलेवाड़ीकर ने किया. विशेष अतिथि राधेश्याम यादव एवं अतुल गोयल सराफ थे. युगल गीतों में सुरेश क्षीरसागर-मेघा मकरानी ने प्यार जिंदगी है, संजय यादव मेघा ने दिल तेरा दीवाना, मुकेश जादम ने तेरे सुर मेरे गीत, जितेंद्र चौधरी ने ये जमी गा रही है, अनुराग तिवारी-सुनीता लाहौर ने तुम आ गए हो गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया. वहीं, नीलू कौशल, दीपक चौहान, दिलीप कार्णिक, देवराज यादव, मनीष भोजने गुनगुन, डॉ. पुष्पा मालवीय, डॉ. अमित सोनी व अन्य कलाकारों ने भी सुंदर मधुर गीतों और नगमों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का संचालन कमलकांत भाई वाडीकर ने किया. आभार हेमंत कौशल ने व्यक्त किया कार्यक्रम संयोजक सुरेश शीरसागर एवं अशोक दीक्षित थे.

### फुटबॉल : महिला वर्ग में बीकानेर व पुरुष में नीमच फाइनल में

**महू.** मप्र फुटबॉल एसोसिएशन एवं इंदौर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्व. भगवानदास शर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर स्व. शंकरराव नवग्रहे (शंकर दादा) की स्मृति में आयोजित ऑल इंडिया महिला एवं राज्य स्तरीय पुरुष दोनों वर्गों में शनिवार को एक-एक शानदार सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए. इसमें महिला वर्ग में बीकानेर व पुरुष में नीमच की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया. यह जानकारी प्रतियोगिता के संयोजक नीरज शर्मा एवं अमित शुक्ला ने दी. उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए आज अतिथि के रूप तौर पर कुंजरोद जमनिया की राजकुमारी शुभांगना राजे, राजेंद्र श्रीवास एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा शैलेश गिरजे उपस्थित रहे. इस अवसर पर इंदौर जिला फुटबॉल संघ से जगदीशचंद खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, एसएम सलीम, ओपी बाथम, यशवंत कौशल, प्रवीण कांबले, शिवम शर्मा, अशोक डागर, प्रहलाद परदेशी एवं संदीप जायसवाल आदि सदस्य भी मौजूद थे.

# ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने पिया एसिड

- पति सहित पांच ससुरालियों पर मामला दर्ज

**इंदौर.** गौतमपुरा थाना क्षेत्र में 19 जनवरी को हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस जांच के बाद बड़ा खुलासा हुआ है. सामने आया कि मृतिका ने ससुराल पक्ष की लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से परेशान होकर एसिड पीकर आत्महत्या की थी. मर्ग जांच पूर्ण होने के बाद पुलिस ने पति समेत पांच लोगों पर आत्महत्या के लिए उकसाने और क्रूरता का प्रकरण दर्ज किया है.

मृतिका अरुणा को लंबे समय से पति उमेश, सास कलाबाई, ससुर पूनमचंद और देवर राहुल द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था. करीब सात महीने पहले घरेलू विवाद पर उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया था. बाद में वह पति के साथ गौतमपुरा में किराए के मकान में रहने लगी, लेकिन वहां भी प्रताड़ना जारी रही. ससुराल पक्ष फोन पर लगातार मानसिक दबाव बनाता रहा, जबकि रिश्तेदार महेश अक्सर घर आकर शराब के नशे में अरुणा के साथ गाली-गलौज करता था. पति भी शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था.

# हीरानगर पुलिस ने दो तस्कर दबोचे

- दो लाख की ब्राउन शुगर जब्त

**इंदौर. नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हीरानगर पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहे दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 13.30 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है. दोनों आरोपियों पर पहले से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.**

पुलिस के अनुसार 6 फरवरी को एमआर-10 रोड स्थित आदित्य गेटवे बिल्डिंग के पीछे नाले के पास संदिग्ध हालत में खड़े दो युवकों को रोका गया.





पुलिस वाहन देखकर भागने लगे, इस पर पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रोहन कदम (24) निवासी भाग्यलक्ष्मी कॉलोनी और गोपाल उर्फ दीपक अहिरवार (23) निवासी हीरानगर मेन रोड बताए. तलाशी में उनके बैग से भूरे रंग का पाउडर मिला, जो ब्राउन शुगर निकला. पुलिस अब उनसे इस संबंध में पूछताछ कर रही है.

## जेल में विशेष निगरानी में रहेगा हत्या का आरोपी

**इंदौर.** एरोड्रम क्षेत्र में एकतरफा प्रेम में हुए सनसनीखेज हमले के आरोपी वेदांत सोलंकी को इलाज के बाद जिला जेल भेज दिया है. फिलहाल उसे जेल की विशेष बैरक में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा है, क्योंकि उस पर हमले की आशंका जताई जा रही है. बताया जा रहा है कि करीब दस दिन पहले वेदांत ने विधि नामक युवती के घर पहुंचकर जानलेवा हमला किया था. इस घटना में विधि और उसकी मां अनीता गंभीर रूप से घायल हुई थीं, जबकि बीच-बचाव करने आए भाई विधान की मौत हो गई थी. हमले के दौरान आरोपी ने खुद को भी घायल कर लिया था, जिसका इलाज एमवाय अस्पताल में चल रहा था.

# नेहरू स्टेडियम में आज यूथ वॉक

**इंदौर.** शहर में युवाओं को नशामुक्ति और राष्ट्र निर्माण के संदेश से जोड़ने के उद्देश्य से 8 फरवरी को नेहरू स्टेडियम में यूथ वॉक 2026 का आयोजन किया जाएगा. यूथ वॉक के चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रातः 5 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा और कई प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा.

प्रतिभागियों को आयोजन स्थल पर ही टी-शर्ट और कैप दी जाएगी. डायवर्जन पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों के साथ वॉलंटियर्स भी तैनात रहेंगे. करीब 3 किलोमीटर लंबी यह वॉक नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर जीपीओ, छावनी, मधु मिलन, एमवाय और शिवाजी वाटिका होते हुए फिर से नेहरू स्टेडियम पहुंचेगी. इसमें कई स्कूल-कॉलेजों और एकेडमी के युवा शामिल होंगे. यूथ वॉक के कारण शहर के कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा. इस दौरान सरवटे बस स्टैंड जाने वाली बसों के रूट भी बदले रहेंगे और वे डायवर्ट मार्गों से संचालित होंगी. रविवार सुबह 5 बजे से ट्रैफिक डायवर्जन प्रभावी रहेगा.

**यह रहेगा देवास से आने वाली बसों का रूट**

बदला देवास से सरवटे जाने वाली बसों को पीपल्याहाना से कृषि कॉलेज, डेली कॉलेज, आजाद नगर गोल चौराहा, नवलखा, अग्रसेन चौराहा होते हुए छावनी अनाज मंडी रोड और गुजराती कॉलेज के रास्ते सरवटे पहुंचाया जाएगा.

**खंडवा-खरगोन की बसें इस मार्ग से जाएंगी**-खंडवा और खरगोन से आने वाली बसें नवलखा से अग्रसेन चौराहा, छावनी अनाज मंडी रोड और अर्जुन प्याऊ होते हुए सरवटे बस स्टैंड पहुंचेंगी. वहीं, सरवटे बस स्टैंड से निकलने वाली बसों को रीगल, मधु मिलन, गीताभवन और पीपल्याहाना होते हुए आगे भेजा जाएगा.

**यह रहेगी पार्किंग की व्यवस्था**-प्रतिभागियों के लिए मेडिकल हॉस्टल के सामने बंगला नंबर-4 के ग्राउंड में पार्किंग तय की गई है. यहां आने वाली बसें व्हाइट चर्च से मेडिकल टी होते हुए पार्किंग तक पहुंचेंगी.

# सिटी बस से गिरकर व्यक्ति की मौत

**इंदौर.** शहर में सिटी बसों की लापरवाही एक और जान ले गई. खजराना थाना क्षेत्र के मायापुरी कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति की चलती बस से गिरने से मौत हो गई. हादसा उस समय हुआ, जब वह अपनी मां और भाई के साथ रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था.

थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि मृतक राजकुमार पिता सुरेश अपने भाई पप्पू और मां के साथ नेमावर रोड स्थित बायग्राम जाने के लिए नोबल पब्लिक स्कूल से तीन इमली चौराहे तक सिटी बस में सवार हुए थे. बस पहले से ही यात्रियों से भरी थी. कंडक्टर ने गेट पर ही टिकट के पैसे मांग लिए, जिस पर राजकुमार खुले पैसे निकालने के लिए वहीं खड़े रहे.

**एक नजर में** इंदौर वनमंडल में बनेगा ड्रोन स्क्वॉड, अतिक्रमण, अवैध कटाई और शिकार पर हाईटेक तकनीक से होगी निगरानी

# अब आसमान से होगी जंगलों की रखवाली

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. वन क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण, लकड़ी तस्करी और वन्यप्राणियों के शिकार पर रोक लगाने के लिए इंदौर वनमंडल अब हाईटेक तकनीक का सहारा लेने जा रहा है. वन विभाग इंदौर, महू, मानपुर और चोरल के जंगलों की निगरानी के लिए ड्रोन स्क्वाड गठित करने की दिशा में काम शुरू कर चुका है.**

इंदौर वनमंडल को आधुनिक निगरानी प्रणाली से जोड़ने की तैयारी तेज हो गई है. अब जंगलों में होने वाली अवैध गतिविधियों पर जमीन से नहीं, बल्कि आसमान से नजर रखी जाएगी. इसके तहत वन विभाग ड्रोन स्क्वाड की स्थापना करने जा रहा है, जिससे अतिक्रमण, अवैध कटाई, वन्यप्राणियों की सुरक्षा और वन अपराधों पर लगातार निगरानी संभव हो सकेगी.



**सबसे पहले अधिकारियों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण**

इंदौर डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने नव भारत को बताया कि ड्रोन स्क्वाड की रूपरेखा तैयार की जा रही है और इसकी प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. हाईटेक ड्रोन तकनीक से जुड़े इंजीनियर पहले विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे, ताकि ड्रोन के माध्यम से जंगलों की प्रभावी निगरानी की जा सके. शुरुआती चरण में ड्रोन संचालन के लिए विशेष ऑपरेटर भी टीम के साथ मौजूद रहेगा.

**वन अपराधियों पर हो सकेगा प्रभावी नियंत्रण**

डीएफओ के अनुसार, ड्रोन तकनीक के उपयोग से दुर्गम वन क्षेत्रों तक आसानी से पहुंच बन सकेगी और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पहचान की जा सकेगी. इससे समय रहते कार्रवाई करना भी आसान होगा. ड्रोन स्क्वाड के शुरू होने से वन संपदा के संरक्षण को जहां नई मजबूती मिलेगी, वहीं वन अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण भी रखा जा सकेगा.

# मंदिर की दीवार पर की लघुशंका, आक्रोश

**इंदौर. मोती तबेला क्षेत्र में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर को असामाजिक तत्वों द्वारा अपवित्र किए जाने का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि जेएमडी स्वीट्स के पास स्थित मंदिर की दीवार पर देर रात कुछ लोगों ने पेशाब कर दी, जिससे क्षेत्र में धार्मिक भावनाएं आहत हो गईं और बजरंग दल कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी फैल गई.**

घटना की जानकारी मिलते ही विहिप नेता तन्नू शर्मा बजरंगी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके थे. फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है. बजरंग दल नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने त्वरित कदम नहीं उठाए, तो संगठन अपने स्तर पर आरोपियों की तलाश कर विरोध प्रदर्शन करेगा. पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है.

## चाकूबाजी के आरोपी बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस

**इंदौर.** खजराना क्षेत्र में चाकूबाजी कर दहशत फैलाने वाले शातिर बदमाश शोएब उर्फ चिकना को पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया. आरोपी द्वारा जिस सड़क पर वारदात की गई थी, उसी मार्ग पर पुलिस ने उसका पैदल जुलूस निकालकर सख्त संदेश दिया. इस दौरान स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने पुलिस टीम पर फूल बरसाकर कार्रवाई का स्वागत किया. घटना 4 फरवरी की रात की है, जब खजराना मेन रोड स्थित जाकिर होटल के सामने शराब के नशे में शोएब ने वासिम खान पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था. सरेराह हुई इस वारदात से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी और दहशत का माहौल बन गया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए खजराना थाना प्रभारी मनोज संेधव के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.